## सार-समाचार

### आवेदन की अंतिम तिथि 10 जुलाई

**भरतपुर ( निस )।** महारानी श्री जया राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्नातक पार्ट प्रथम वर्ष के सेमेस्टर प्रथम में ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि अब 10 जुलाई हो गई है। प्राचार्य डॉ हरबीर सिंह ने बताया कि आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर के आदेशानुसार स्नातक पार्ट प्रथम वर्ष, सेमेस्टर प्रथम के लिए विद्यार्थियों को आवेदन करने का एक और मौका दिया है। उन्होंने कहा कि 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थी एमएसजे कॉलेज में बीए, बीएससी, बीकॉम, बीए ऑनर्स राजनीति विज्ञान में स्नातक पार्ट प्रथम वर्ष के सेमेस्टर प्रथम में नियमित डिग्री प्राप्त करने के लिए अतिशीघ्र ई-मित्र के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करें। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय में विद्यार्थियों के लिए पर्याप्त सीटें हैं। आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा ने इस सत्र में महिला अभ्यर्थियों के लिए प्रवेश में कुल स्वीकृत सीटों में से 30 प्रतिशत सीटें क्षैतिज आरक्षित की गई हैं तथा महिलाओं के लिए आरक्षण के नवीन प्रावधान तथा अति पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को देय आरक्षण के मध्यनजर रखते हुए सभी संकायों में स्नातक पार्ट प्रथम सेमेस्टर प्रथम के लिए पूर्व निर्धारित सीटों में 25 प्रतिशत की अभिवृद्धि की है। प्रवेश के समय सभी आरक्षित वर्ग के आवेदकों को बढ़ी हुई संख्या के आधार पर नियमानुसार आरक्षण दिया जाएगा।

### धर्मशाला निर्माण पर हुई चर्चा

**गंगापुर सिटी।** मां इंदरगढ बिजासन सेवा समिति की निर्माण कमेटी एवं बस यात्रा कमेटी की संयुक्त बैठक बुधवार रात्रि 8 बजे गौरव मैरिज होम के सामने समिति अध्यक्ष देवी चरण गर्ग की अध्यक्षता में ?समिति के कार्यालय पर आयोजित की गई। समिति महामंत्री वेद प्रकाश मंगल ने बताया की इंदरगढ माता जिला बूंदी में गंगापुर वालों की धर्मशाला का निर्माण युद्ध स्तर पर चल रहा है। धर्मशाला निर्माण पर नगर परिषद सभापति शिवरतन अग्रवाल, पूर्व चेयरमैन सुरेश चंद सिंघल, डॉ सीताराम गुप्ता, नरदेव, नरसी गुप्ता, मदन मोहन गोठरा, दुर्लभ गोयल, राम अवतार महोली, कैलाश बाबा, ?दिनेश करणपुर, सत्यनारायण पटवारी, गोविंद तलवाडा, अशोक, रघुनंदन करौली, प्रदुमन गुप्ता, मदन मोहन मास्टर निर्माण कमेटी के आदि सदस्यों ने धर्मशाला निर्माण पर चर्चा करते हुए अपने-अपने सुझाव रखते हुए कहा की धर्मशाला निर्माण में पारदर्शिता के साथ सामग्री की उच्च गुणवत्ता रखी जावे। माता जी के भवन पर धर्मशाला का निर्माण भव्य हो। समिति के कोषाध्यक्ष मनीष सिंघल द्वारा अब तक के आय-व्यय का व्यौरा पेश किया। माता जी के भवन पर प्रति माह जा रही मासिक बस यात्रा का हिसाब सुनील गर्ग द्वारा पेश किया गया। सदस्यों द्वारा बस यात्रा में अधिक से अधिक यात्री जोडने का सुझाव दिया।

### लायन्स क्लब की बैठक संपन्न

**गंगापुर सिटी ।** गुरूवार को लायंस क्लब गंगापुर सिटी की साधारण सभा की प्रथम बैठक नव नियुक्त अध्यक्ष सुरेश चन्द गुप्ता (कोचिंग) की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस दौरान शहर के प्रतिष्ठित डॉक्टर और सी ए का सम्मान किया गया। इस दौरान डॉक्टर आर सी मीणा, डॉक्टर विजेंद्र सिंघल, डॉक्टर शशि मीणा, डॉक्टर भूवी अग्रवाल, डॉक्टर हर्षित गुप्ता, डॉक्टर चिराग गुप्ता का स्वागत माला दुपट्टा और मोमेंटो देकर किया गया। इसी प्रकार हमारे देश की वाणिज्यिक अर्थव्यवस्था को संभालने के लिए हमारे शहर के प्रतिष्ठित सीए रामावतार गुप्ता और सीए अभिषेक गुप्ता का भी मोमेंट माला और दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया गया। सम्मान की इसी कडी में लायंस क्लब गंगापुर सिटी सत्र 2०23 -24 के अध्यक्ष सचिव और कोषाध्यक्ष पद के सफलतापूर्वक निर्वहन हेतु सम्मान दिया गया। इस मौके पर अध्यक्ष सुरेश चंद्र गुप्ता ने बताया कि हम पिछले वर्ष की तुलना में एक कदम आगे बढकर मानव सेवा के कार्य करेंगे जिसमें प्रभुजनों का भोजन, पर्यावरण संरक्षण हेतु वृक्षारोपण कार्यक्रम, सभी स्वस्थ और मस्त रहे के तहत डायबिटीज और बीपी कैंप, रक्तदान शिविर आदि अनेकानेक मानव सेवा के कार्य किए जायेंगे। सचिव लायन धीरज गुप्ता ने इस माह होने वाले वृक्षारोपण कार्यक्रम के बारे में बताया और उसका संयोजक लायन सत्यनारायण पटवारी को बनाया गया। प्रभुजनों के भोजन का संयोजक राजेंद्र अकाउंटेंट और सहसंयोजक अंकित सिंघल को बनाया गया। वहीं शपथ ग्रहण समारोह के लिए संयोजक लायन सुरेंद्र मित्तल और सह संयोजक विजय मुकुट आई केयर को बनाया गया। इस मौके पर लाइंस क्लब गंगापुर सिटी के वरिष्ठ सदस्य लायन राधेश्याम विजयवर्गीय ने अपने उद्बोधन द्वारा सबको आशीर्वाद दिया।

### हरि कीर्तन दंगल शुक्रवार से

**हिण्डौन सिटी।** हिण्डौन उपखण्ड की ग्राम पंचायत मण्डावरा के हरिनगर गाँव में समस्त ग्रामवासियों की ओर से सामुहिक हरिकीर्तन दंगल कार्यक्रम की शुरुआत शुक्रवार शाम 10 बजे से होगी और शनिवार सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक प्रसादी वितरण और अतिथियों का सम्मान किया जायेगा। ग्रामीण सुरेशचंद, रूमेलसिंह, मगनसिंह, देवीलाल ने जानकारी देते हुए बताया कि दो दिवसीय हरि कीर्तन दंगल कार्यक्रम में मुख्य अतिथि करौली धौलपुर सांसद भजन लाल जाटव रहेंगे। हिण्डौन सिटी की विधायक अनिता जाटव, प्रधान विनोद कुमार जाटव,नगर परिषद के सभापति बृजेश कुमार जाटव विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। जिसमें कई जगहों की पार्टियां अपनी प्रस्तुतियां देंगी। आयोजक मंडल ने क्षेत्र के लोगों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में कार्यक्रम में आने की अपील भी की है।

### साइबर ठगों के मकान ध्वस्त किए

**भरतपुर ( निस )।** गांव झैंझपुरी स्थित साइबर ठगों के आलीशन मकान ध्वस्त किए गए। साइबर ठगी के द्वारा अर्जित धन से मकान खडे किए गए थे। पुलिस महानिरीक्षक राहुल प्रकाश व पुलिस अधीक्षक डीग राजेश कुमार मीना के निर्देशानुसार एवं एएसपी कामां सतीश यादव व सीओ पहाडी गिर्राज प्रसाद मीना के सुपरविजन में साइबर ठगों के खिलाफ वर्तमान में संचालित एन्टी वायरस अभियान के दौरान पुलिस के द्वारा आसूचना संकलन की गई। आसूचना के आधार पर ज्ञात हुआ कि रफ्फी पुत्र लल्लू निवासी झैंझपुरी व उसके लडकों के द्वारा साइबर ठगी कर भोले भाले लोगों को शिकार बनाकर अवैध धन अर्जित किया जाकर वन खण्ड भूमि पर मकान का निर्माण किया गया है। इस पर वनविभाग के द्वारा इस साइबर ठग के घर चिन्हित कर जानकारी ली तो घर वनखण्ड में होना पाया जाने पर वन विभाग की टीम के द्वारा नोटिस जारी कर अतिक्रमण को हटाए जाने के लिए आदेशित किया गया। नियत समय पर चार जुलाई को पुलिस के सहयोग से अतिक्रमण को हटाया।

# तीन घंटे हुई झमाझम बारिश से जलमग्न हुई कई कॉलोनिया

**करौली( नि.स. )।** मौसम की पहली बार हुई झमाझम बरसात से शहर के परकोटे बाहर बसी कॉलोनी के आम रास्ते जलमग्न हो गए वहीं विवेक विहार कॉलोनी के आम रास्ते ही नहीं मकानो में बरसाती पानी भरने से मकान गिरने का कॉलोनी वासियों के सामने संकट गहरा गया है।

कॉलोनी में भरे पानी और बरसाती पानी का निकास नहीं होने का मामला जानकारी में होने के उपरांत भी नगर परिषद प्रशासन और जिला प्रशासन बरसाती पानी से होने वाली आपदा से निजात दिलाने की शुध नहीं ले रहे हैं वैसे तो इस वर्ष मौसम कि विगत 7 दिनों में दो-तीन दिन हल्की बरसात हुई है मगर गुरुवार को मौसम की पहली झमाझम वर्षा ने नगर परिषद और जिला प्रशासन की कार्यशैली की पोल खोल कर रख दी। शहर के परकोटे बाहर बसी कॉलोनी विवेक विहार जो नगर परिषद क्षेत्र की सबसे बड़ी कॉलोनियो कि गिनती में आती है जिस कॉलोनी में ऊपरी ओर स्थित इंदिरा कॉलोनी,गुलाब बाग, बगीची, पोस्ट ऑफिस ही नहीं कोतवाली के आसपास बसी कॉलोनीयों का बरसाती पानी आने और विवेक विहार कॉलोनी मे जाने से विवेक विहार कॉलोनी के निचले भाग में बसी आबादी में पानी भरने से कॉलोनी जलमग्न हो गई कॉलोनी के रास्ते



करौली में बरसात के बाद हाईवे कि सडक पर भरा पानी

जलमग्न होने से आवागमन का आमजन के सामने संकट गहराया हुआ है यही नहीं दर्जनों मकानो में पानी भरने से मकान गिरने तक का लोगों के सामने संकट गहराया हुआ है जिस समस्या को लेकर पूर्व में कॉलोनी के लोगों ने नगर परिषद आयुक्त के अलावा जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौप कर अवगत करा चुके हैं। मगर किसी ने समस्या के समाधान की शुध नहीं ली गुरुवार को प्रात: 3 घंटे हुई झमाझम बारिश से कॉलोनी जलमग्न होने पर लोगों ने आयुक्त को सूचना दी जिस सूचना पर आयुक्त मौके पर पहुंचे मगर समस्या का कोई समाधान नहीं निकाल सके इसके अलावा कलेक्ट्रेट के सामने सिटी पार्क की बगल से जाने वाले आम सड़क मार्ग जलमग्न होने से सड़क मार्ग किनारे स्थित करीब आधा दर्जन सरकारी दफ्तरों जिला परिषद, पंचायत समिति, खनिज विभाग,नगर परिषद, जल संसाधन खंड आदि कार्यालयो के अलावा इसी सड़क मार्ग से जुड़ी कई कॉलोनी वासियो का निकलना दुर्भर हो रहा है। देखने लायक यह रहा कि देखने लायक यह रहा कि सरकारी दफ्तरों में जाने वाले फरियादियों को जमा पानी से निकलने के लिए विवश होते देखा गया। उधर तीन दरवाजा से लेकर पुराने पावर हाउस के बीच बसी आबादी में बरसाती पानी भरने से कॉलोनी जल मग्न हो गई देखने लायक यह है कि वर्ष 2016 में मौसम की रिकोर्ड तोड़ हुई वर्षा ने इसी क्षेत्र तीन दरवाजा से लेकर पुराना पावर हाउस,राधेश्याम मैरिज गार्डन,मेढ़की का नाला बाढ़ जैसा रूप ले गया और इस क्षेत्र में बरसाती पानी ने भारी तबाही मचाई थी। इस क्षेत्र में गुरुवार को बरसात के पानी की निकासी नहीं होने से लोगों को पूर्व की हुई त्रासदी याद आने से लोग भयभीत देखे गए विवेक विहार कॉलोनी में जमा हुए बरसाती पानी को निकालने के लिए नगर परिषद प्रशासन साय: 6:00 बजे के समय जेसीबी मशीनों सहित अन्य संसाधनों को लेकर और पुलिस जाप्ता के साथ विवेक विहार कॉलोनी पहुंचे।जहा बरसाती पानी कि निकासी को लेकर कॉलोनी के लोगो मे आपसी विवाद हो गया। इस दौरान मोके पर उपस्थित करौली नगर परिषद आयुक्त करणी सिंह एवं कोतवाली थानाधिकारी सुनील कुमार ने लोगो से समझाइष कर जेसीबी मषीन कि सहायता से पानी कि निकासी का कार्य शुरू कराया। जल संसाधन विभाग के अधिशासी अभियंता सुशील कुमार गुप्ता ने बताया कि बुधवार प्रात:8:00 बजे से गुरुवार प्रात 8:00 बजे तक बीते 24 घंटों में करौली में 29 एमएम,हिंडौन में 6 एमएम,सपोटरा में 43 एमएम, एमएम कुल बारिश दर्ज की गई है।

# सरपंच व ग्राम विकास अधिकारी की उदासीनता के चलते आमजन परेशान

**गंगापुर सिटी ।** बरसात के इस मौसम में ग्राम पंचायत महुकलाँ के सभी वार्ड गन्दगी से अटे पडे है। ग्रामीणो द्वारा सरपंच और ग्राम विकास अधिकारी को बार बार अवगत कराने के बावजूद वार्डो की सुध नहीं ली जा रही है। सरपंच व ग्राम विकास अधिकारी के पंचायत भवन पर नहीं बैठने के कारण आम लोगो को जरूरी कागजो पर मोहर लगाना व अन्य कार्य के लिए दर दर भटकना पडता है। स्थानीय सरपंच व विकास अधिकारी के द्वारा ग्राम पंचायत महुकलाँ में सरकारी राशि का दुरूपयोग करते हुए ग्राम पंचायत महुकलाँ में भारी भ्रष्टाचार किया जा रहा है। गुरूवार को ग्राम पंचायत महुकलाँ में जन सुनवाई रखी गई जिसने उपजिला कलेक्टर को समाजसेवी आरसी गुर्जर के द्वारा ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में आरसी गुर्जर ने बताया की ग्राम पंचायत महुकलाँ के स्थानीय सरपंच व ग्राम विकास अधिकारी अपनी मिली भगत से सरकारी राशि का दुरूपयोग किया जा रहा है। ग्राम पंचायत महुकलाँ में कुल 23 वार्ड है और सभी वार्ड गंदगी से लदे पडे। पंचायत में सभी हेडपंप खराब पडे हुए जिससे ग्राम पंचायत मुख्यालय पर पानी की समस्या बनी हुई है। पुलिया के सामने वाला नाला गन्दगी से लदा पडा है। स्थानीय सरपंच व ग्राम विकास अधिकारी के द्वारा स्वच्छता भारत मिशन, ग्रैवल सडक व नाली, मिट्टी मोरम, हैडपम्पों की मरम्मत, वार्ड नंबर 4 में सार्वजनिक तलाई आदि कार्यो में भारी लूट की जा रही है। एसएफसी व एफएफसी की राशि को भ्रष्टाचार की भेट चढाने में मस्त है। इसलिए उपजलिा कलेक्टर से महुकलाँ के सभी वार्डो की सफाई करवाने की मांग की।

## आमजन की सुनी समस्याऐ

**करौली( नि.स. )।** जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने गुरूवार को पंचायत समिति मासलपुर की ग्राम पंचायत खेडिया मे आयोजित जनसुनवाई मे आमजन की समस्याऐं सुनी और मौके पर ही उपस्थित अधिकारियों को शीघ्र ही निस्तारण करने के निर्देष दिये।

जनसुनवाई के दौरान अतिक्रमण हटवाने,एनएफएसए मे नाम जुडवाने,रास्तों मे से कीचड की सफाई करवाने,पेंषन, पीएम आवास योजना मे नाम जुडवाने सहित कुल 38 परिवाद प्राप्त हुए जिन्हे संबंधित अधिकारियों को निस्तारण करने के निर्देष दिये। इस दौरान उपखंड अधिकारी पिंकी गुर्जर सहित अन्य ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## बैठक आयोजित

**डीग ( निस )।** आगामी 13 जुलाई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर गुरुवार को तालुका विधिक सेवा समिति डीग की अध्यक्ष अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सरोज मीना की अध्यक्षता में कोर्ट परिसर में एक बैठक आयोजित की गई। इस दौरान बैठक में 13 जुलाई 2024 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के बारे में विचार विमर्श किया गया। पैनल अधिवक्ता राजेन्द्र कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में प्रीलिटिगेशन मामलों की सुनवाई के लिए एसबीआई बैंक, केनरा बैंक, बैंक ऑफ़ बडौदा, पीएचइडी विभाग जेवीवीएनएल विभाग एवं बीएसएनएल विभाग के प्रतिनिधियों से विचार विमर्श किया। इसके साथ ही क्लेम प्रकरणों के निस्तारण के लिए क्लेम अधिवक्ता रमाकांत शर्मा, गोपाल परमार से भी लोक अदालत को सफल बनाने पर विचार विमर्श किया। इस अवसर पर आनंद प्रकाश पटेल, प्रवीण चौधरी, राकेश खंडेलवाल, विक्रम सिंह सचिव अंकुर शर्मा कोमल सिंगल राधावल्लभ, हरिओम, बाबू सिंह सहित न्यायिक कर्मचारी एवं पक्षकार उपस्थित थे।

# वार्ड की समस्या का समाधान नहीं होने पर धरने पर बैठा पार्षद

**धौलपुर, ( निसं )।** नगर परिषद धौलपुर के वार्ड नंबर सात के पार्षद सत्यप्रकाश शर्मा व पार्षद प्रतिनिधि सीपी शर्मा ने वार्ड की समस्याओं को लेकर गुरुवार को नगर परिषद कार्यालय धौलपुर में धरना देकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने परिषद के कुछ अधिकारियों पर वार्ड की समस्याओं का समाधान नहीं करने तथा कॉल रिसीव नहीं करने का भी आरोप लगाया।

जानकारी के अनुसार वार्ड सात में जलभराव की समस्या बड़े स्तर पर है, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ये समस्या बीते वर्ष भी बरसात के समय में थी और इस वर्ष भी है, जिसे लेकर बुधवार को पार्षद की ओर से जिला कलेक्टर को ज्ञापन भी दिया गया था। साथ ही स्वायत्त शासन विभाग जयपुर को पत्र लिखकर समस्या से अवगत कराया था। इसके बाद गुरुवार को परिषद कार्यालय में धरना दिया, जिस पर आयुक्त अशोक कुमार शर्मा ने पार्षद और पार्षद प्रतिनिधि से समझाइश कर धरने से उठाया। साथ ही दो दिन में समस्या समाधान का आश्वासन दिया।

पार्षद सत्यप्रकाश शर्मा का आरोप है कि नगर परिषद के प्रकाश श्रीवास्तव और दीपक गोयल कनिष्ठ अभियंता ऑफिस में नहीं मिलते हैं। इन दोनों को फोन लगाओ तो कभी कॉल रिसीव नहीं करते हैं। ये एक जनप्रतिनिधि से बात नहीं करते तो आम जनता का भी फोन नहीं उठाते होंगे। वार्ड नंबर सात की जगदंबा कॉलोनी, हुणडावाल रोड धौलपुर में इस समय जलभराव की स्थिति बनी हुई है। ऐसे में परिषद कर्मचारियों को फोन करें तो वह बोलते है कि उक्त दोनों अधिकारियों के आदेश के बिना कार्य नहीं करेंगे। अगर एक जनप्रतिनिधि सभी कर्मचारियों को अलग-अलग फोन करें तो हम आमजन को क्या राहत दिला सकेंगे? पार्षद का कहना है कि मैंने इन दोनों कर्मचारियों को वार्ड विजिट के लिए बोला। लेकिन इन्होंने ध्यान नहीं दिया।

इस समय आमजन को जल भराव की वजह से भारी परेशानी हो रही है। छोटे-छोटे बच्चे स्कूल तक नहीं जा पा रहे हैं।

## डॉ इन्दु शर्मा का किया सम्मान

**भरतपुर ( निस )।** युवा मण्डल द्वारा आयुर्वेद विभाग में उप निदेशक के पद पर नवनियुक्त डॉ इन्दु शर्मा का सम्मान मनीष तिवारी व देवव्रत शर्मा टिन्ना के नेतृत्व में किया गया।

इस अवसर पर युवा मण्डल ने नवनियुक्त उप निदेशक आयुर्वेद डॉ इन्दु शर्मा को माला, पटका व भगवान परशुराम का स्मृति चिंह प्रदान कर सम्मान किया और इस अवसर पर मनीष तिवारी ने कहा कि इन्दु शर्मा पूर्व में प्रथम महिला वरिष्ठ चिकित्सक के रूप में अपनी सेवाएँ आयुर्वेद विभाग में दे चुकी हैं।

## सार-समाचार

### स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि मनाई



**भरतपुर ( निस )।** ब्लाक शहर कांग्रेस भरतपुर के कार्यालय पर शहर कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ. दयाचंद पचौरी की अध्यक्षता में स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि श्रद्धा के साथ उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए उनके बताये गये मार्ग पर चलने का आव्हान किया। कार्यक्रम में शहर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. दयाचंद पचौरी, मनोज शर्मा, साहब सिंह एडवोकेट, चुन्नी कप्तान, धर्मेन्द्र शर्मा, रमेश पाठक, रमेश धावई, सतीश सोगरवाल, योगेश सिंघल, राजेन्द्र सारस्वत, अशोक ताम्वी, अवधेश कुमार शर्मा, चन्द्रकांत शर्मा, प्रकाश मैथिल, उमेश तिवारी, वीरेन्द्र नागर, दिगम्बर खटाना, चन्द्रभान सिंह, प्रेम सिंह प्रजापति, नरेश लवानियां, नदीम मलिक, राकेश पठानियां, मनीष भांडोर, सहीद खान, विवके चंदेला, उपेन्द्र चन्देला, चन्द्रभान फौजदार, जीवनलाल शर्मा, अमित गौरावर, ठा. लोकपाल, अभिषेक तिवारी आदि अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### श्रमिकों को भुगतान अदा करने के आदेश

**भरतपुर ( निस )।** औद्योगिक अधिकरण एवं श्रम न्यायालय भरतपुर के विद्वान न्यायाधीश राजेन्द्र कुमार द्वारा 6 श्रमिकों के प्रकरण में नियोजक अमर शहीद इन्डेन गैस एजेन्सी हिण्डौन के द्वारा 6 श्रमिकों को सेवा समाप्ति के विवाद में श्रम न्यायालय द्वारा पारित आदेश 5 अप्रैल 23 की पालना में श्रमिकों को भुगतान अदा न करने पर श्रमिकों द्वारा औद्योगिक विवाद अधिनियम की धारा 33सी (2) के तहत बकाया राशि कम्प्यूट कराने के लिए प्रार्थना पत्र न्यायालय में पेश किया। न्यायालय द्वारा 3 जुलाई 2024 को आदेश पारित कर 6 श्रमिकों को उनके बकाया भुगतान भुगतान करने के आदेश अमर शहीद इण्डेन गैस हिण्डौन को दिये हैं। इस प्रकार साहब सिंह को 290187 रूपये, खुशीराम को 290187रूपये, रामावतार को 290187 रूपये, उदयभान 216428 रूपये, संतोष गुर्जर को 240722 रूपये व मुकेश गुर्जर को 240428 रूपये देने के आदेश दिए। न्यायाधीश द्वारा इस राशि का भुगतान अमर शहीद इण्डेन गैस ऐजेन्सी हिण्डौन द्वारा 2 माह में अदा न करने पर आदेश दिनांक 3 जुलाई 2024 से 12 प्रतिशत ब्याज अदा करने के आदेश भी दिये हैं। श्रमिकों की ओर से मुरारी लाल गुप्ता श्रमिक प्रतिनिधि द्वारा पैरवी की गई।

### समस्याओं का किया समाधान

**नदबई ( निस )।** नदबई ब्लॉक में गुरुवार को प्रत्येक ग्राम पंचायत मुख्यालय पर जनसुनवाई का आयोजन हुआ। जिसमें बिजली-पानी, सरकारी भूमि पर अतिक्रमण, मुख्य रास्ते पर पानी एकत्रित होने, सरकारी योजना से लाभान्वित नही होने सहित अन्य समस्याओं के 70 प्रकरण दर्ज हुए। एसडीएम गंगाधर मीणा ने ग्राम पंचायत नयावास में जनसुनवाई दौरान ग्रामीणों की समस्या सुनते हुए मौके पर समाधान किया। तहसीलदार कैलाश गौतम ने ग्राम पंचायत कटारा, बरौलीछार, अखैगढ़ में, नायब तहसीलदार दीपा यादव ने खेडी देवी सिंह, खटौटी, नाम, रायसीस में, अतिरिक्त विकास अधिकारी सौदान सिंह ने लुहासा, गांगरौली, बहरामदा, ऐचेंरा व श्रीराम सैनी ने ऊँच, भदीरा, रौनीजा, करीली, अधिशाषी अभियंता पीएचईडी मुकेश अग्रवाल ने जहांगीरपुर, बछामदी, गगवाना, अटारी, सीबीईओ सुरेश भातरा ने मई, डहरा, परसवारा, लखनपुर, सहायक अभियंता शिवसिंह मीना ने पिपरऊ, बरौलीरान, तलछेरा, उटारदा, सहायक अभियंता आशा बोहरा ने हन्तरा, न्योठा, झारकई, खांगरी एवं बीसीएमओ डॉं राहुल कौशिक ने कबई, करही, पहरसर व गादौली में जनुसनवाई दौरान समस्याओं का मौके पर समाधान करने का प्रयास किया।

### पेपर बोट सेलिंग एक्टिबिटी मनाया

**भरतपुर ( निस )।** गुरूवार को भरतपुर शहर के हृदयस्थली में स्थित विवेकानन्द प्ले स्कूल में वर्षा के मौसम पर बच्चों को पेपर बोट सेलिंग एक्टिबिटी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी बच्चों ने शिक्षिकाओं की मदद से रंग-बिरंगे स्क्रैप पेपर्स से बोट (नाव) बनायी। विद्यालय की शिक्षिकाएँ आरती, शगुन, रेनू जैन, रेनू तोमर, निशाा आदि ने सभी बच्चों के छोटे-छोटे गुरप्स बनाकर नाव बनाना सिखाया तथा विद्यालय प्रागंण में एक बड़ा सा वाटर पूल भरकर जो कि लगातार बारिश के कारण भर गया था। उसमें सभी बच्चों ने अपने मनपसंद रंग से नाव तैरायी। यह आयोजन सभी बच्चों के लिए एकदम नया अनुभव था जिसे उन्होने मन लगाकर सीखा और जमकर आनंद लिया। कार्यक्रम के अन्त में विद्यालय की डिप्टी डायरेक्टर ज्योति आर्य ने सभी बच्चों को बताया कि पुराने समय में जब मोबाइल-फोन आदि नही थे। उस समय सभी बच्चें शारीरिक खेलकूद, बारिश में नहाना, नाव चलाना आदि का जमकर आनंद लिया करते थे।



## कार्यालय पंचायत समिति बामनवास जिला गंगापुर सिटी

क्रमांक-पसवा/लेखा/निविदा/2024-25/74-85 दिनांक-03.07.2024

### निविदा सूचना

पंचायत समिति बामनवास में विभिन्न योजनाओं/शाखाओं में 1 स्टेशनरी सामग्री, 2. कम्प्यूटर ऑपरेटर मैन विद मशीन 3. कार्यालय हेतू किराये का वाहन 4. मीटिंगों/प्रशिक्षणों हेतू चाय नाश्ता एवं भोजन 5. फोटोकॉपी 6. मीटिंगों हेतू टैन्ट सामग्री 7. हड्डी ठेका 8. पंचायत समिति एवं अधीनस्थ ग्राम पंचायतों में सुरक्षा गार्ड 9. कम्प्यूटर रिपेयरिंग एवं कार्टेज रिफलिंग आदि विभिन्न व्यवस्थाओं हेतू दरे अनुबंध करने के लिये अनुभवी फर्मो/प्रतिष्ठित संस्थाओं से खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता निर्धारित राशि रूपये नगद/डिमाण्ड ड्राफ्ट से जमा करवा कर पंचायत समिति बामनवास से निविदा प्रपत्र एवं निविदा शर्ते प्राप्त कर सकते है। निविदा का विवरण निम्न प्रकार है।

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (लाखों में) | निविदा शुल्क |
|---|---|---|---|
| 1 | कार्यालय उपयोग हेतू स्टेशनरी सामग्री | 1.00 | 400 |
| 2 | फोटो कॉपी कार्य | 0.70 | 400 |
| 3 | कैम्पो/बैठकों हेतू टैन्ट व्यवस्था | 1.00 | 400 |
| 4 | कम्प्यूटर रिपेयरिंग एवं कार्टेज रिफलिंग कार्य | 1.00 | 400 |
| 5 | प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से कम्प्यूटर ऑपरेटर मय मशीन | 8.00 | 500 |
| 6 | बैठकों/सम्मेलनों में चाय, नाश्ता व भोजन व्यवस्था | 1.00 | 400 |
| 7 | पंचायत समिति कार्यालय के उपयोग एवं विभिन्न योजनाओं (पीएम आवास,नरेगा, स्वच्छ भारत मिशन आदि) के पर्यवेक्षण हेतू किराये के वाहन व्यवस्था | 3.00 | 400 |
| 8 | हड्डी ठेका (वर्ष 2024-25) | 0.35 | 200 |
| 9 | पंचायत समिति एवं अधीनस्थ ग्राम पंचायतों के लिये सुरक्षा गार्ड | 35.00 | 1000 |
| निविदा बेचने की दिनांक 03.07.2024 से 10.07.2024 प्रात 11.00 बजे तक<br>निविदा जमा कराने का दिनांक 10.07.2024 दोपहर 2.00 बजे तक<br>निविदा खोलने का दिनांक 10.07.2024 दोपहर 3.00 बजे तक | | | |
| पंचायत समिति एवं ग्राम पंचायतों में सुरक्षा गार्ड निविदा की दिनांक-<br>निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की दिनांक 04.07.2024 से 15.07.2024 प्रात 11.00 बजे तक<br>निविदा प्रपत्र अपलॉड करने की दिनांक 04.07.2024 दोपहर 12.00 बजे तक<br>निविदा प्रपत्र खोलने की दिनांक 15.07.2024 दोपहर 2.00 बजे तक | | | |

सामग्री की मात्रा एवं कार्य का विवरण निविदा प्रपत्रों में अंकित है। कार्य एवं सामग्री की मात्रा में आवश्यकतानुसार कमी एवं बढोत्तरी की जा सकती है। निविदा शर्ते एवं निविदा प्रपत्र कार्यालय समय में निर्धारित शुल्क नगर एवं डीडी पंचायत समिति बामनवास के पक्ष में देय हो, जमा कराकर प्राप्त किया जा सकता है। निविदायें उक्त निर्धारित दिनांक एवं समय पर जमा करायी जा सकती है। निविदा का प्रकाशन SSP PORTAL/E PROC पर कर दिया गया है। जिसे वेबसाईट से डाउनलोड कर निर्धारित शुल्क के साथ पूर्ण रूप से भरकर जमा कराया जा सकता है। निर्धारित प्रारूप में दर प्रस्तुत न करने पर एवं अस्पष्ट एवं अपूर्ण निविदाओं पर विचार नहीं किया जावेगा।

प्रधान
पं.स. बामनवास

(राधेश्याम शर्मा
विकास अधिकारी
पंचायत समिति बामनवास


# कलेक्टर ने बयाना के गढ़ीबाजना क्षेत्र में खनन क्षेत्र का निरीक्षण किया

**भरतपुर** (निस)। जिला कलेक्टर डॉ. अमित यादव ने बयाना के गढ़ीबाजना क्षेत्र में अवैध खनन की शिकायतें प्राप्त होने पर खनन क्षेत्र का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान गढ़ीबाजना थाने के पास से गुजर रहे 3 ट्रोलों में क्षमता से अधिक सामग्री पाये जाने पर मौके पर ही वाहनों को जब्त कर थानाधिकारी गढ़ीबाजना एवं खनिज विभाग के अधिकारियों को उक्त के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही किए जाने हेतु निर्देशित किया।

जिला कलक्टर ने निर्देशित किया कि अवैध खनन के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करते हुए अधिकारी पर्यावरण संरक्षण के लिए टीम भावना के साथ कार्य करें।

उन्होंने क्षेत्र में अवैध खनन की गतिविधियों को गम्भीरता से लेते हुए निर्देश दिये कि खनिज विभाग, वन एवं राजस्व विभाग अपने-अपने क्षेत्रों में प्रभावी सूचना तंत्र विकसित कर अवैध खनन करने वालों के खिलाफ संयुक्त कार्रवाई अमल में लायें।

उन्होंने खनन क्षेत्रों में बिना नम्बरों के खनन कार्य में लिप्त वाहनों को



जिला कलेक्टर ने बयाना के गढ़ीबाजना क्षेत्र में खनन क्षेत्र का दौरा किया।

सीज करने की कार्रवाई करने, ई-रवन्ना जारी करते समय गलत नम्बरों को इन्द्राज करने वाले तुलाई कांटों के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि खनन क्षेत्रों से निकलने वालें वाहनों का ई-रवन्ना जारी होते समय वाहन के नम्बर आरसी व चेसिस नम्बर से मिलान सजगता के साथ किया जाये। आदेशों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ कार्यवाही अमल में लाने के निर्देश दिये। इस दौरान उपखण्ड अधिकारी बयाना राजीव शर्मा, तहसीलदार बयाना विनोद मीणा, विकास अधिकारी नरेन्द्र सिंह, सहायक अभियन्ता जेवीवीएनएल गुलाब, सहायक अभियंता सिंचाई विभाग दशरथ गुर्जर, सीडीपीओ जितेन्द्र जिंदल आदि विभागीय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहें।

## कलेक्टर को सौपा ज्ञापन

**गंगापुर सिटी ।** तलावडा तहसील के रामगढ मुराडा एससी बस्ती में इन दिनों ग्रामीण आम रास्ते पर भरे पानी की समस्या से परेशान है। इस संबंध में ग्रामीणों ने कलेक्टर डॉ. गौरव सैनी को गुरुवार को ज्ञापन देकर समस्या समाधान की मांग की है। ग्रामीण आशाराम, दुलीचंद, राजू, हेमराज, सीताराम बैरवा, रामस्वरूप, राजेश, श्यामलाल, विजेन्द्र, रामदयाल आदि ने बताया कि रामगढ की एससी बस्ती में आवागमन का रास्ता बना हुआ है, लेकिन इस रास्ते पर काफी मात्रा में पानी भर गया है। उक्त पानी की निकासी चारागाह भूमि में होकर है, लेकिन पानी की निकासी पर मेडबंदी करते हुए पानी निकासी को बंद कर दिया। इसके कारण अब आम रास्ते में पानी जमा हो गया है और इससे करीब 200० घरों के परिवारजनों के आने जाने का रास्ता पूरी तरह बंद हो गया है। बच्चों को स्कूल आने जाने एवं किसी प्रकार के साधन आने जाने का रास्ता कोई नहीं बचा है। उक्त रास्ता पक्का है, लेकिन दबंग लोगों ने पक्की सडक एवं नालियों को तोडफोड कर पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि ०1000० मीटर इस लंबे रास्ते से अब वर्तमान में आमजन का निकलना मुश्किल हो गया है।